पत्रांक –3/ज०शि० –49/2011सा०...3008/

बिहार सरकार
सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

नवीन चन्द्र झा,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

सभी प्रधान सचिव/सचिव।
सभी विभागाध्यक्ष।
सभी प्रमंडलीय आयुक्त।
सभी जिला पदाधिकारी।

पटना दिनांक......26...... सितम्बर, 2011

**विषयः–** **राज्य सरकार के अधीन समूह 'ग' एवं 'घ' के पदों की रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्तियों में भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता देने के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **कार्मिक एवं प्रशासिनक सुधार विभाग का परिपत्र संख्या– 2630 दिनांक 06 मई, 2008।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त प्रासंगिक परिपत्र के संदर्भ में कहना है कि उक्त के द्वारा राज्य सरकार के अधीन समूह 'ग' एवं समूह 'घ' के पदों की रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्तियों में भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता देने संबंधी निदेश निर्गत किया जा चुका है। इसके बावजूद यह सूचना प्राप्त हो रही है कि विभिन्न विभागों द्वारा समूह 'ग' एवं 'घ' के पदों पर नियुक्ति हेतु दिये जाने वाले विज्ञापनों में सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र संख्या 2630 दिनांक 06.05.2008 (सामान्य प्रशासन विभाग का परिपत्र संग्रह, खण्ड–1, पृष्ठ संख्या–8) के अनुरूप नियुक्तियों में भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दिये जाने का उल्लेख नहीं रहने से भूतपूर्व सैनिकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

अतः अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ नियुक्ति पदाधिकारियों से उक्त विभागीय परिपत्र के अनुरूप समूह 'ग' एवं 'घ' की नियुक्तियों में भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दिया जाना सुनिश्चित किये जाने हेतु आवश्यक निदेश देने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

(नवीन चन्द्र झा)
सरकार के संयुक्त सचिव।